Title : Need to fulfill all the demands related to Satna, Madhya Pradesh as per memorandum submitted to the Prime Minister on 21 November while 'Rail Roko Andolan'.

श्री गणेश सिंह : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री जी का, 21 नवम्बर को मेरे संसदीय क्षेत्र के सभी रेलवे स्टेशनों में एक साथ हुए रेल रोको आन्दोलन में दिए गए ज्ञापन की ओर ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूँ। सतना जिले में इण्डियन आयल एवं हिन्दुस्तान पेट्रोलियम तेल डिपो यथावत रखे जाने, सतना जिले की सिविल लाइन एवं मैहर तथा कटनी जिले के कैमोर में नए केन्द्रीय विद्यालय खोलने, आदिवासी क्षेत्र मझगवां जिला सतना एवं कटनी जिले के बिलहरी गांव में नवोदय विद्यालय खोलने राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 7, 75 एवं 78 का पुनर्निर्माण करने, सतना एवं कटनी जिले को केन्द्र की रोजगार गारन्टी, काम के बदले अनाज योजना एवं गरीबी उन्मूलन योजना में शामिल करने, वरगी बांध की दायीं तट नहर का काम जल्दी पूरा करना, सतना जिले के बाबूपुर गांव में इस्पात विभाग की खदान पर सीमेन्ट उद्योग की स्थापना किए जाने, सतना से हवाई यात्राएं प्रारम्भ किए जाने, मां शारदा मन्दिर में रोप-वे लगाने की अनुमति दिए जाने, सतना से समरिया होते हुए इलाहाबाद मार्ग का नवनिर्माण करने के सम्बन्ध में 21 नवम्बर को रेल रोको आन्दोलन के दौरान माननीय प्रधानमंत्री जी को दिए गए ज्ञापन में उल्लिखित सभी मांगों को तत्काल पूरा करने की मांग करता हूँ।